तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

02 गुरूद्वारा में लगा 7 दिवसीय एक्युप्रेशर...

04 राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के ...




## खबर संक्षेप

### प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की इकाई कसडोल की बैठक आज



**गिधौरी** | प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज इकाई कसडोल के आवश्यक बैठक सतनाम धर्मशाला कसडोल में शनिवार को 12:00 बजे आयोजित किया गया है । बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के इकाई कसडोल ब्लॉक के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम सहित समाज के अन्य विषयों को लेकर चर्चा को लेकर यह बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में कसडोल ब्लॉक अंतर्गत समाज के सभी सामाजिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज कसडोल के मीडिया प्रभारी मदनलाल खाण्डेकर द्वारा दी गई है।

### छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की अहम बैठक 14 को





**खरोरा**। छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की पूर्व प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर पुनर्गठन हेतु 17 सदस्यीय कार्यवाहक समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठक 14 सितंबर, रविवार को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में होगी। कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष हरीश देवांगन और संगठन सचिव विजय चौहान ने बताया कि बैठक में निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन मंडल का गठन, नियमावली निर्माण और प्रदेश के सभी जिलों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पूर्व कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों से उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम नांदगांव में एक महिला के साथ मापीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को बिरझा पटेल निवासी नांदगांव ने बताया कि 10 सितंबर को वह अपनी बहू के साथ घर में थी,तभी उसके देवर का बेटा शिवचरण पटेल घर आया और खेत को रेग में क्यों बोये हो कहकर बहू के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसे मना करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से मेरी बहू के सिर में मारपीट कर चोट पहुंचाया।

### शराब परिवहन कर रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। शराब के अवैध परिवहन के आरोप में पिथौरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में बैठकर बीच में देशी शराब रखकर पिथौरा से बरतुंगा जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम पिथौरा से बागबाहरा रोड रामदर्शन स्कूल के पास ग्राम जंघोरा पहुंची, तभी पिथौरा से बरतुंगा की ओर दो व्यक्ति बाइक से आते दिखे, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिस पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम पुष्पम रात्रे पिता अगनु रात्रे (27 वर्ष) बरतुंगा एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश ध्रुव पिता भुनेश्वर ध्रुव (19 वर्ष) बरतुंगा थाना पिथौरा निवासी होना बताया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब एवं मोटर सायकल के डिक्की के अंदर 25 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमत 5200 रुपए को जब्त किया।

# करमनडीह प्राथमिक शाला में युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- अब कुल चार शिक्षक, 120 विद्यार्थियों को मिलेगा समुचित शैक्षणिक मार्गदर्शन

जिले के बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करमनडीह में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से अब दो नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। शकुंतला देवी साहू (शासकीय प्राथमिक शाला पौसरी) एवं रजनी कन्नौजी (महात्मा गांधी स्कूल, पुरानी बस्ती बलौदाबाजार) को यहां पदस्थ किया गया है। दो नये शिक्षकों की पदस्थापना से अब यहां चार शिक्षक हो गए है। इससे स्कूल की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हुई है जिससे बच्चों के साथ पालकों में भी हर्ष है।

विद्यालय में वर्तमान में 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 55 बालक एवं 65 बालिकाएं शामिल हैं। पूर्व में विद्यालय में मात्र दो शिक्षक कार्यरत थे, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

युक्तियुक्तकरण से दो नए शिक्षक जुड़ने से अब पढ़ाई की व्यवस्था बेहतर रूप से हो गई है।छात्राओं ने भी इस बदलाव पर खुशी जताई है।युक्तियुक्तकरण भविष्य के सपनों को पूरा करने में बहुत मददगार सिद्ध होगा।

### छात्र-छात्राओं में उत्साह, पालकों ने भी जताया संतोष





### करमनडीह शाला में बदलाव के प्रभाव

कक्षा पांचवी की छात्रा कु. पूर्वांचल लहरें ने बताया कि अब हमारे स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हो गए हैं। हमें सभी विषय अच्छे से पढ़ाए जा रहे हैं। जिससे अब पढ़ाई में मन लग रहा है हम नियमित रूप से स्कूल आ रहे है। इसी तरह कक्षा पांचवी की छात्रा कु. बसंती टंडन ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण से हमारे स्कूल में दो नए शिक्षक आए है, जिससे अब हमारे स्कूल में चार शिक्षक हो गए हैं। इससे हमें पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी गतिविधियों में भी मार्गदर्शन मिल रहा है।

## राजस्व मंत्री ने प्रार्थना शेड व किचन शेड का किया भूमिपूजन

# मंजिल तक पहुंचने के लिए दृढ़ निश्चय और ईमानदारी से मेहनत करें : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान बलौदाबाजार विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में आयोजित भूमिपूजन एवं सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होने स्कूल में प्रार्थना शेड, किचन शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन तथा सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 57 छात्राओं को सायकल वितरित किया। इसके साथ ही 10 वीं एवं 12 में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जो दृढ निश्चय कर मेहनत करते है उनको मंजिल और सफलता जरूर मिलती है। अभी से अपना लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षक क

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे। व्यवस्था कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है।






### बेटियों की शिक्षा बहुत जरूरी

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश में राष्ट्रीय महत्व के कई संस्थान संचालित है। इंजिनियरिंग व मेडिकल शिक्षा में भी बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही खेल को बढ़ावा देने संसाधन उलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित महिला घर संवारने के साथ ही भविष्य भी संवारती है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की दबंगई से गांव में तनाव बर्खास्तगी की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों के साथ अभद्रता, विवादों का लंबा सिलसिला

विकासखंड सिमगा के ग्राम धोधा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता सुलेखा रात्रे की कथित दबंगई, दुर्व्यवहार और अनियमितता ने पूरे गांव में तनाव का माहौल खड़ा कर दिया है। सरपंच, उपसरपंच, पंचों सहित ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग से कार्यकर्ता की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की है।मिली जानकारी के अनुसार कार्यकर्ता आए दिन सहायिका शबाना जुलाहा के साथ विवाद कर गाली-गलौज करती थी। समय पर पोषण आहार वितरण न होने से ▶▶ शेष पेज 02 पर

### पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की विवेचना

ग्रामवासियों ने 28 जुलाई को परियोजना अधिकारी जे.आर. नारंग और 18 अगस्त को जिला परियोजना अधिकारी अतुल परिहार को लिखित शिकायत दी थी। मंगलवार को जांच अधिकारी के सामने भी कार्यकर्ता ने उपसरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर बंजारे से हाथापाई कर दी। इसके बाद दौलत देवदास, अमीजवान, लिखनलाल कोसले, दुर्गेश्वरी साहू सहित ग्रामीणों का दल थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने कार्यकर्ता के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दोनों पक्षों को नोटिस जारी

परियोजना अधिकारी जे.आर. नारंग ने बताया कि दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर दिया गया है और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम में जनप्रतिनिधियों पर हाथ उठाने की घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और कार्यकर्ता की बर्खास्तगी की मांग और तेज हो गई है।

# 5 चॉइस सेंटर संचालकों के लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिले 5 चॉइस सेंटर संचालकों के लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से चॉइस सेंटर संचालको को पूर्ण दस्तावेज अपलोड करना होता है। अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने पर समय पर प्रमाण पत्र जारी नही होता है और आवेदकों को केंद्र का चक्कर लगाना पड़ता है।

अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने वाले कुल 15 लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर संचालकों को इस सम्बन्ध में नोटिस जारी किया गया जिसमे से 5 लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर संचालको का लोक सेवा केंद्र का लाईसेंस निरस्त किया गए एवं कुल 10 लोक सेवा केंद्र, चॉइस सेंटर संचालक को अंतिम चेतवानी पत्र जारी किया गया है। लाइसेंस निरस्त होने वाले चॉइस सेंटर संचालकों में विकासखंड सिमगा ग्राम हिरमी के अंगिता वर्मा, ग्राम कटगी के अनवर रजा, विकासखंड बलौदाबाजार ग्राम भरसेला के यानेश तिवारी, ग्राम क़सियारा के मनहरण, ग्राम पनगांव के नोखराम ध्रुव शामिल हैं।

# रासेयो ने एक पेड़ प्रकृति के नाम से चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने रजत जयंती पर दतान खैरा में एक पेड़ प्रकृति के नाम अभियान से गांव के गली-गली धर-धर जाकर लोगों को वृक्षारोपण कार्य करने के लिए जागरूक किया, जागरूकता के साथ साथ गांव के चौराहों में स्वयंसेवकों ने 25 वृक्षारोपण किया । इस रैली में ग्राम प्रमुख सरपंच चन्दा देवी महिलागें, पंच गण, जनप्रतिनिधियों ने भी स्वयंसेवकों का सहयोग किया ।

गांव के छोटे से बड़े सभी ने स्वयंसेवकों के वृक्षारोपण कार्य की तारीफ कि संस्था के प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक द्वारा बच्चों से ▶▶ शेष पेज 02 पर

# शिक्षकों के मारपीट प्रकरण में निकला समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

शासकीय हाई स्कूल धारासीव में कक्षा के भीतर दो शिक्षकों के बीच हुई मारपीट के बहुचर्चित प्रकरण का अंततः सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया। यह घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, प्रत्यक्ष घटना देखकर छात्र सहम गए थे।

सूत्रों के अनुसार घटना उस समय हुई जब हिंदी विषय के शिक्षक विनीत दुबे निर्धारित समय से विलंब से पहुंचे। इस दौरान संकुल समन्वयक मनोज कश्यप गणित पढ़ा रहे थे। विनीत दुबे द्वारा क्लास खाली करने का आग्रह करने पर विवाद बढ़ा और गाली-गलौज के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों शिक्षकों ने ग्रामवासियों को जानकारी दी।



### दोनों पक्षों में हुआ समझौता

घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधान पाठक संघ ब्लॉक अध्यक्ष यादराम हिरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू मौके पर पहुंचे और शाला प्रबंधन समिति, बच्चों व ग्रामीणों से घटना का विवरण लेकर रिपोर्ट तैयार की। दोनों पक्षों को एसपी सारंगढ़ के समक्ष बुलाया गया, जहां हिरवानी की पहल पर समझौता हो गया। दोनों शिक्षकों ने एफआईआर आवेदन निरस्त करने के लिए सहमति पत्र प्रस्तुत किया। समझौते की जानकारी पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे भी पहुंचे और दोनों शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रूपसिंह, सरपंच प्रतिनिधि बिहारी लाल, शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समझौते से विद्यालय में सामान्य वातावरण बहाल हो गया और बच्चों व अभिभावकों में राहत की भावना दिखी।

## कलेक्टर ने ली शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधको की ऑनलाइन समीक्षा बैठक

# छूटे किसानों का तय समय पर पूरा कराएं एग्रीस्टेक में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को सम्पर्क केंद्र से जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एवं सहकारी समिति प्रबंधको की ऑनलाइन बैठक लेकर किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन की समीक्षा की। उन्होने शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिये कि छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में शतप्रतिशत पंजीयन समय -सीमा में कराएं।

कलेक्टर ने सभी विकासखंड के शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधको से एग्रीस्टेक पंजीयन की बारी-बारी से जानकारी ली और ज़्यदा संख्या में पंजीयन के लिए लंबित समिति प्रबंधकों को तय समय पर पंजीयन पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य है। सभी किसानों का 20 सितम्बर तक एग्रीस्टेक में पंजीयन पूरा करें उसके बाद एप्प से फिजिकल वेरिफिकेशन भी करना होग़ा। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति अंतर्गत किसी किसान का पंजीयन शेष रहता है तो उसकी जिम्मेदारी समिति प्रबंधक की होगी। समिति प्रबंधक किसानों से सम्पर्क करे एवं सरपंच, पटवारी, सचिव कोटवार से सहयोग लेकर पंजीयन पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि अब तक 90 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं 76 प्रतिशत एग्रीस्टेक पंजीयन का कार्य हुआ है। इसमें तेजी से प्रगति लाने की आवश्यकता है।



### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्या

इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने बताया कि इस बार समर्थन मूल्य में धान बेचने सभी किसानों को एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना होग़ा। सहकारी समिति में जाकर या मोबाइल एप्प से स्वयं भी पंजीयन कर सकते हैं। किसानों ने बताया कि कसडोल क्षेत्र में खेती के लिए पानी की समस्या है। इस पर कलेक्टर ने क़ृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। इस दौरान संपर्क केंद्र में उप संचालक क़ृषि दीपक कुमार नायक, उप पंजीयक उमेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास से संबंधित स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने पूरक पोषण आहार, रेडी टू ईट, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, बेटी बचाओं एवं बेटी पढ़ाओं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ 17 सितम्बर से 16 अक्टुबर 2025 तक आयोजन किया जायेगा। जिसमें एनीमिया पर जागरूकता, ग्रोथ मोनिट्रिंग, सही पोषण भी पढ़ाई भी एवं पर्यावरण संरक्षण आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### इस दौरान होंगे बहुआयामी कार्यक्रम

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश अवस्थी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के बारे में अवगत कराया। जिसमें समस्त महिला वर्ग हेतु स्वास्थ्य जांच कराये जाने की जानकारी एवं अधिक से अधिक महिला जनप्रतिनिधि के सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच करने हेतु आग्रह किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र चौरेंगा के निर्माण कार्य की स्थिति में अवगत कराने का निर्देश दिए गए। निर्माण कार्य का प्रस्ताव राज्य कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है। बैठक में सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, सदस्य शशि आनंद बंजारे, इन्दु जांगड़े, सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम सृष्टि मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धार्मिक कार्यक्रम को लेकर परशुराम दल ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**। दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति स्थापना एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर परशुराम दल छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एवं अतिरिक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा को सौंपा। इसी दौरान परशुराम दल ने एसएसपी और अतिरिक्त कलेकटर से आग्रह किया कि दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति स्थापना, शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उचित दिशा-निर्देश, सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में परशुराम दल के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार झा, रायपुर अध्यक्ष अंजनी मिश्रा, उपाध्यक्ष बिश्वजीत पांडेय तथा सदस्य विनोद कुमार उपस्थित रहे।

### आईपीएस अवार्ड अफसरों की पदस्थापना आदेश जारी

**रायपुर**। पिछले महीने आईपीएस अवार्ड हुए सात पुलिस अफसरों का राज्य सरकार के आदेश पर गृह विभाग ने पदास्थापना आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं, उनमें पंकज चंद्रा छग सशस्त्र बल की 13वीं वाहिनी, कोरबा में सेनानी बनाए गए हैं। भावना पांडे सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भेजी गई हैं। विमल कुमार बैस छग सशस्त्र बल के 11वीं वाहिनी, जांजगीर में सेनानी बनाए गए हैं। हरीश राठौर मुख्यमंत्री सुरक्षा में एसपी बनाए गए हैं। राजश्री मिश्रा को एटीएस शाखा में एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा को रेल एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

## निधन

### रामप्रसाद कंड़रा



**पलारी** । चरौदा निवासी रामप्रसाद कंड़रा (60) वर्ष का आकस्मिक निधन को हो गया है जिनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम महानदी में किया गया । जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको ने उपस्थित होकर श्रद्धांजली अर्पित कि वे केंवरा बाई कंड़रा के पति व नरेन्द्र कंड़रा धर्मेन्द्र कंड़रा के पिता थे ।

### पुन्नी बाई यादव



**खरोरा** । ग्राम मुड़पार निवासी पुन्नी बाई यादव (65) का आकस्मिक निधन हो गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्व. पुन्नी बाई यादव, पंचराम यादव की धर्मपत्नी थीं। वे तुलसीराम, रीखी राम, हीरामती एवं तुलसा बाई यादव की माता थीं।

### राजेंद्र शुक्ला



**बलौदाबाजार** । बलौदाबाजार गांधी चौक निवासी राजेंद्र शुक्ला (79) का दुखद निधन शुक्रवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 11 बजे निज निवास गांधी चौक से बलौदाबाजार- से रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम के लिए निकलेगी। वे, स्व. बंशलाल शुक्ला के बड़े पुत्र, नितिन शुक्ला, निशांत शुक्ला निखिल शुक्ला के पिता थे। वे संतोष शुक्ला, आनंद शुक्ला, गिरीश शुक्ला, विद्याभूषण शुक्ला, शशिभूषण शुक्ला अरविन्द शुक्ला शेखर शुक्ला, प्रवीण शुक्ला के बड़े भाई थे।

### रामाबाई कश्यप



**मुंडा** । ग्राम पंचायत मुंडा के निवासी रामाबाई वर्मा 75 वर्ष आकस्मिक निधन 12 सितंबर को हो गया। वे नरेंद्र कश्यप, महेंद्र कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, सरिता लच्छू के माता थे उनकी अंतिम संस्कार गांव के टेढ़ही तालाब मुक्तिधाम में किया गया ।

# बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की 'चुस्ती' सुस्त, बिक्री घटने से पंप संचालक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग की तर्ज पर राजधानी के पेट्रोल पंप संचालकों ने दोपहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया था, निर्णय के अनुसार कुछ दिनों तक पेट्रोल पंपों में सख्ती बरती गई, लेकिन बिक्री कम होने की वजह से परेशान कई पेट्रोल पंप संचालक बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने लगे हैं। दोपहिया वाहन चालक ऐसे पेट्रोल पंप जाने से परहेज कर रहे हैं, जहां बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिल रहा। दोपहिया वाहन चालक जहां बगैर हेलमेट के पेट्रोल मिल रहा है, उन पेट्रोल पंप में जाकर पेट्रोल ले रहे हैं। राजधानी तथा आउटर के अलग-अलग पेट्रोल पंप संचालकों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने से उनकी बिक्री 15 से 20 प्रतिशत तक घट गई है। इस वजह से उन्हें मजबूरी में बगैर हेलमेट पेट्रोल बेचना पड़ रहा है। कई पेट्रोल पंप संचालक अलग से हेलमेट रख बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर उनकी गाड़ी में पेट्रोल भर रहे हैं।

## कई पंप संचालक बगैर हेलमेट के देने लगे पेट्रोल



### हाईवे पर हेलमेट जरूरी

दोपहिया वाहन चालकों ने हाईवे पर दोपहिया वाहन चलाने हेलमेट की अनिवार्यता को सही माना है। दोपहिया वाहन चालकों के अनुसार हाईवे पर एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इस वजह से हाईवे के पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देना चाहिए। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चलाते समय सभी लोगों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने का नियम है। जो बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हैं, इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत लगाए गए कैमरे से मिले फूटेज के आधार पर उन लोगों का चालान भी काटा जाता है।

### अभियान के औचित्य पर सवाल

दोपहिया वाहन चालकों ने पेट्रोल पंप संचालकों के अभियान के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के अंदर बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर राहत है, ऐसे में पंप संचालकों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों पर सख्ती क्यों बरती जा रही है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों पेट्रोल नहीं देने पंप संचालकों का अभियान फेल हो गया है। ऐसे में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के रायपुर में चलाए जा रहे अभियान की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रमों से मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

# भाजपा की बैठक में सेवा पखवाड़ा को लेकर तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाजपा सिमगा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए पांडे निवास में बैठक आयोजित किया गया जिसमें प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दुर्गा महेश्वर शामिल हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की सेवा ही समर्पण है हम सबको सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए हम अगर तय कर ले कि हमको सेवा पखवाड़ा को ईमानदारी से मानना है तो निश्चित तौर पर हर बूथ पर हम इस कार्य को संपन्न कर सकते हैं।

इस सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान दिव्यांग जनों का सम्मान सफाई कर्मचारियों का सम्मान प्रमुख स्थल पर जहां महापुरुषों की मूर्ति है उसकी साफ-सफाई रक्तदान कार्यक्रम आयोजित करना है । ताकि सेवा पखवाड़ा सफल बना सकते हैं । उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है 20 मंडल में सिमगा मंडल एक ऐसा मंडल है जो निश्चित तौर पर इस कार्य को बहुत अच्छे से करके बलौदाबाजार जिले में सर्वश्रेष्ठ मंडल ग्रुप में अपना नाम दर्ज कराएगी । महेश्वर ने कहा कि आज कांग्रेसी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चला रहे हैं इनको जाकर उनके बीच में बताएं कि जब 1952 में सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर ने मुंबई से चुनाव लड़ा था तो यही देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने फर्जी वोट से रिजेक्ट कराकर अंबेडकर को चुनाव को हराया था । तो वोट चोरी कौन कर रहा है । इस बात की जानकारी आप सबको समाज के बीच में जाकर लोगों के बीच में जाकर देना चाहिए । बैठक को वरिष्ठ नेता अनिल पांडे, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, चंद्रमणि तिवारी ने भी संबोधित करते हुए समस्त कार्यकर्ताओं से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष केजू राम बघेल, अअ मंडल महामंत्री छोटू यादव, राहुल साहू, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, नगर पालिका के उपाध्यक्ष विकास सोनकर, किसान मोर्चा के अध्यक्ष जंभेश्वर साहू, मंडल के उपाध्यक्ष सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, सूर्यकांत ताम्रकार, अनूप तिवारी, देबू देवांगन, रुक्मणी साहू, सरोज देवांगन, रजनी दुबे, भागवत वर्मा, रोहित साहू, शिवधारी देवांगन, हेमंत साहू, हेमलाल कुर्रे, फूलबाई, नीरज शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत करेगी भाजपा



**हथबंद**। भारतीय जनता पार्टी नवापारा हथबंद मंडल की बैठक ग्राम पंचायत जरौद के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न जनसेवा से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। डॉ. पाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव समाज की सेवा और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। सेवा पखवाड़ा इसी संकल्प का प्रतीक है, जिसके माध्यम से समाज में जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ सेवा पखवाड़ा को सफल बनाकर इसे जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष नंदू वर्मा ने भी संबोधित किया और सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धीगड़े, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, मंडल महामंत्री प्रेमलता वर्मा, सरपंच दिनेश चावरे, मंत्री लिली वर्मा, कोषाध्यक्ष झाला राम वर्मा, सरपंच ज्ञान सिंह पाल, सरपंच डोमार मारखंडे, उपाध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा, सहकारिता समिति अध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष कल्याण ध्रुव अन्य ग्रामवासी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिल्दा में 15 छात्राओं को किया सायकल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय हाई स्कूल तिल्दा में छत्तीसगढ शासन की योजना ओर से सरस्वती सायकल योजना के तहत 15 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। जिसमें अनुसुचित जाति के 05 बालिका एव 'बी.पी.एल. परिवार के 10 बालिकाओं ने सायकल प्राप्त किया। सरस्वती सायकल वितरण के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत तिल्दा के सरपंच श्रीमती शकुन्तला घृतलहरे रही। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल तिल्दा के प्रभारी प्राचार्य भागलाल कोसले, व्याख्याता दिनेश कुमार यादव, मयाराम पटेल, मुरलीधर बंजारे, महेन्द्र कुमार बंजारे, डोमार सिंग ध्रुव, रामकुमार ध्रुव एवं ग्राम पंचायत तिल्दा के उपसरपंच अंजनी पटेल, पंच अमरिका बंजारे, देवेन्द्र कुमार साहू, दयालू राम साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, राजेश कुमार घृतलहरे, गजानंद डहरिया, उभेराम महिलांग उपस्थित रहे। सायकल प्राप्त कर बच्चे बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नता व्यक्त कर रहे थे। तथा पालक भी शाला परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर शुभकामनाएं दिये।

### मनोज साहू अध्यक्ष एवं शिव विलास साहू बने कार्यकारी अध्यक्ष



**सिमगा** । समीपस्थ ग्राम बनसांकरा में गुरुवार को साहू समाज के सामाजिक भवन में मतदान के माध्यम से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें मनोज साहू अध्यक्ष, जहां हरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, शिव विलास साहू कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं योगीराम निर्विरोध सचिव निर्वाचित हुये । इस चुनाव को संपन्न कराने में प्रमुख रूप से सिमगा परिक्षेत्र के अध्यक्ष योगेश राहुल साहू, सुरेश साहू, शेष नारायण साहू, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामविलास साहू, अभिषेक साहू, फत्तेलाल साहू, रामकृपाल साहू, मीना राम साहू, दशरथ साहू, रामाधार साहू, रूपलाल साहू, धनेश साहू, गंजानन साहू आदि सामाजिक लोग उपस्थित थे ।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मांठ में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय का भव्य स्वागत किया गया। अवगत हो कि नवीन मार्कण्डेय का भाजपा प्रदेश महामंत्री बनने के बाद प्रथम खरोरा नगर आगमन था। स्वागत करने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री पाटिल, बंगोली मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, महामंत्री मारुतिनंदन वर्मा, खरोरा मंडल महामंत्री घनश्याम चंद्राकर सहित, ग्राम मांठ से युवा नेता शेषनारायण वर्मा, दिनेश साहू, नरोत्तम साहू, पुनीत साहू, चंद्रशेखर यदु, रिंकू सोनवानी, कमलेश वर्मा, विजय यादव, मदन वर्मा, पीतम पटेल, रूपेश वर्मा, सोनू वर्मा, संतोष वर्मा, रोहित भारद्वाज, विशाल गेनड्रे, संजय तिवारी, मानिकपुरी, जग्गू ,रामेश्वर, चेतन, देवा पटेल, विजय मरावी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

# गुरूद्वारा में लगा 7 दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

श्री गुरू सिंह सभा प्रबंधन कमेटी द्वारा गुरूद्वारा में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें पहलो दिन सैकड़ो लोगो ने पंजीयन कराकर एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ लिया। लोगों ने स्वास्थ्य समस्या साझा कर चिकित्सकों से उपचार पाया। विशेषज्ञ डॉ. गोरधन चौधरी और विशेषज्ञ डॉ. भोमराज चौधरी एवं डॉ. कृष्ण चौधरी ने बताया कि शिविर में प्रथम पंजीयन शुल्क 100 रुपए है बाकी 6 दिनों तक कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। एक्युप्रेशर पद्धति मे वाइब्रेशन सु-जोक और नेचुरल चिकित्सा से उपचार किया जाता है।

- पहले दिन सैकड़ों लोगों ने कराया पंजीयन, ली निशुल्क चिकित्सा सलाह



शरीर मे पीड़ा साइटिका, शुगर, बीपी और मानसिक तनाव कम करने लोगों मे एक्युप्रेशर चिकित्सा पर भरोसा बढ़ा है। विशेषज्ञ रोग की पहचान कर इलाज कर रहे हैं साथ ही बताया कि शरीर मे मौजूद खास बिंदुओं पर दबाव और उपकरणों की मदद से दवा मुक्त इलाज की यह पद्धति का प्रशिक्षण लेकर घर पर इलाज किया जा सकता है। गुरु द्वारा, गुरु सिंह सभा समाज सिमगा, और सभी वरिष्ठ जन- एवं महिला मंडल एवं महिला समिति के सदस्यों ने शिविर आयोजन मे अपनी सहयोगी भूमिका दिखायी गुरुद्वारा प्रबंधक ने बताया कि लोगों को बीमारी से राहत दिलाने के अलावा उन्हें स्वास्थ्य की पूंजी बनाये रखने का संदेश शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है।

**स्वास्थ्य सबसे बढ़ी पूंजी, जीवन शैली मे सुधार लाना जरूरी:** दवाईयों का साइड इफेक्ट कई बार परेशानी बढ़ा देता है लेकिन इस पद्धति मे आप छोटे-छोटे उपकरणों की मदद से अपने को फिट रख सकते हैं। स्वास्थ्य सबसे बढ़ी पूंजी है इसे बनाये रखने जिवन शैली मे सुधार लाना जरूरी है इसके लिए समय पर संतुलित खान-पान की विशेषज्ञों ने सलाह दी है। सिमगा सिख समाज अध्यक्ष अमरजीत सिंह भाटिया (गीटू) एवं रिंकू भाटिया ने बताया कि नगर एवं आसपास क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में इस शिविर का लाभ उठा रहे हैं। यह शिविर 16 सितम्बर तक तक चलेगा।

## तीन किलोवाट में 360 यूनिट बिजली

# पीएम सूर्य घर योजना में ज्यादा बिजली होने पर प्रति यूनिट के मिलेंगे 2.60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदेगी। इसका हिसाब साल में एक बार होगा और उपभोक्ता की ज्यादा बिजली होने पर उनको पैसा मिलेगा। जहां तक पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली का सवाल है, तो सौ यूनिट की खपत करने पर करीब पांच रुपए यूनिट तक लग जाते हैं। ज्यादा खपत पर ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। जहां तीन किलोवाट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी इसके लिए 30 हजार रुपए दे रही है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने की लागत करीब एक लाख 80 हजार तक आती है। ऐसे में उपभोक्ता को अपनी जेब से 70 से 72 हजार ही लगाने पड़ रहे हैं।

- पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली के दाम पांच रुपए और इससे ज्यादा



### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।

### हीरापुर में बिना अनुमति अवैध निर्माण को तोड़ा

**रायपुर**। नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने गुरुवार को वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर क्षेत्र में स्वीकृति विपरीत बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में बिना अनुमति अवैध निर्माण को तोड़ा गया। संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य में स्वीकृति लेकर निर्माण करवाने की हिदायत नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग की ओर से दी गई।

## पेज 03 के शेष

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ...

पालक अपने बच्चों को केंद्र भेजने से हिचकने लगे हैं। शिकायत मिलने पर सरपंच विश्वनाथ साहू, उपसरपंच व पंच निरीक्षण के लिए पहुंचे तो कार्यकर्ता ने सहायिका को धक्का देकर गिरा दिया और सरपंच से भी अभद्रता की। इसके बाद कार्यकर्ता ने उल्टे जनप्रतिनिधियों और सहायिका के खिलाफ छेड़खानी व जातिगत टिप्पणी के आरोप लगाते हुए हथबंद थाने में शिकायत कर दी। दूसरी ओर सहायिका व ग्रामीणों ने भी कार्यकर्ता के खिलाफ गाली-गलौज व दुर्व्यवहार की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रासेयो ने एक...

जागरूकता अभियान चलवाया जाता है । उनकी खूब प्रशंसा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गोद गांव में 200 फलदार वृक्ष लगाए हैं। संस्था के प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ समाज और देश सेवा के हमेशा तत्पर रहते हैं हर सप्ताह स्कूल परिसर के अलावा गोद गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है । इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के 46 स्वयंम सेवकों ने भाग लिया था। प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि आने वाले दिनों में बाल विवाह रोकथाम पर अभियान चलाया जाएगा।




# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के तीन बच्चों ने जीता पदक

## विवेकानंद परिसर रायपुर में हुआ आयोजन, 400 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ›› भाटापारा

रायपुर के कोटा स्थित विवेकानंद परिसर में आयोजित स्वर्गीय विजय तिवारी स्मृति राज्य स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। हर्षा कराटे अकादमी द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्यपाल संरक्षण आयोजन की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा मौजूद रही।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह आवर्धन करते हुए कहा कि कराटे जैसा खेल ना सिर्फ आत्मरक्षा सिखाते हैं बल्कि बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं आयोजन में छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के सचिव अमर तालुकदार कोषाध्यक्ष डी रमेश,राजेश धनकर, मुरली सिंह ,राजा दुबे अनीश मनिहार, ऋषभ सिंह चौहान और आयोजन करता हर्षा साहू सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे इस आयोजन में बलोदा बाजार भाटापारा जिले के तीन बच्चों ने अपना प्रदर्शन किया और तीनों बच्चों ने कांस्य पदक जीता इस मुहिम को सफल बनाने के लिए जिला करते सॉन्गा जिला बलौदा बाजार के महासचिव ऋषभ सिंह चौहान और साथ ही कोच मैनेजर के रूप में आर्यन सिंह का विशेष योगदान रहा।



### प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर दिलाया जिले को गौरव

तीनों बच्चे बलोदा बाजार भाटापारा जिले के वर्धमान विद्यापीठ स्कूल बलौदा बाजार के हैं 12 वर्ष बालिका में कांस्य पदक भव्या वैष्णव ने जीता 13 वर्ष बालक में कांस्य पदक आराध्य दुबे जीता 13 वर्ष बालिका में कांस्य पदक अदिति टंडन जीता यह तीन बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया हैं जिला कराटे सॉन्गा महासचिव ऋषभ सिंह चौहान को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को संपन्न कराने एवं रेफरशिप और जज करने के लिए आयोजन करता के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### चिंगरिया में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

**नर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला चिंगरिया में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश पटेल कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा महासमुंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण लाल साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु- शिष्य का संबंध भगवान और भक्त की तरह होना चाहिए। गुरु का मार्गदर्शन शिष्य के लिए जीवन की रोशनी और ज्ञान बताया। इस अवसर पर शिक्षकों को श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस दौरान चोवाराम सेन प्रधान पाठक, शिक्षक पुरन बघेल, मदन लाल पटेल, रेवती पटेल के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### झालखम्हरिया सोसाइटी में हुआ वार्षिक सम्मेलन

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वार्षिक आय व्यय, एग्रीस्टेक पंजीयन, ऋण वितरण, गाय पालन, मत्स्य पालन, ट्रैक्टर ऋण योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम साकरकर, किशन साहू, गौतम चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, कौशल ध्रुव, कार्तिक साहू, चंदन साहू, परमेश्वर साहू, हेमकुमार, उत्तमकुमार साहू, टेकराम साहू, भोजराज साहू प्रबंधक, दुवन चंद्राकर, काशीराम यादव, युवराज साहू, नरेन्द्र सेन, राकेश साहू, यशवंत चंद्राकर, भेखराम, टेकराम यादव, दिनेश निषाद, भुवनेश्वर ध्रुव, महेंद्र चंद्राकर, चैनसिंग चंद्राकर, चंद्रभान चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

### मिडिल स्कूल मोहगांव में मनाया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहगांव (बागबाहरा) में उत्साह पूर्वक मनाया गया। आए अतिथियों ने छात्रों को अनुशासन, आज्ञापालन, कर्तव्य निष्ठा, सहयोग, राष्ट्रप्रेम, आदि गुण अपने शिक्षकों से सीखने प्रेरित किया। उपस्थित शिक्षकों का श्रीफल, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक पुरुषोत्तम डडसेना, मनोज साहू, रामप्रसाद दीवान, सीआर निषाद, आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** साहित्य समिति आस्था के संयोजन में राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी दिवस पर 14 सितंबर को त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित जीवन सदन में किया गया है। अपरान्ह 3 बजे प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर होंगे। पूर्व उप संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर सौरिन चंद्रसेन सभाध्यक्षता करेंगी।

## पशुधन विकास विभाग की योजनाओं से सहकारी सदस्यों को दी गई जानकारी

# अल्पकालीन एवं मध्यमकालीन ऋण की सुविधा से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ›› बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में जिले के 99 पंजीकृत दुग्ध सहकारी समिति के सदस्य शामिल हुए।

कार्यशाला में पशुधन विकास विभाग से उप संचालक डॉ .नरेन्द्र सिंह एवं डॉ.रुपेश बघेल के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहकारी समिति के सदस्यों को पशुओं में होने वाले बीमारियों जैसे- खुरहा, चपका, ब्रुसेला, एकटंगिया, गलघोटू, लम्पी स्किन रोग होने पर पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराने जानकारी दिया गया। उन्नत नस्ल सुधार हेतु अच्छी नस्ल के देशी गाय, सहवाल एवं जर्सी तथा अन्य उन्नत नस्लों के गाय-भैंस का कृत्रिम गर्भाधान कराने हेतु सदस्यों को प्रोत्साहित किया गया।कार्यशाला में कृषकों को चारागाह निर्माण कर नेपियर घास तथा मक्के एवं बाजरे जैसे हरे चारा का पशु आहार में उपयोग करने हेतु जानकारी दी गई। विभाग के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से मोबाइल वेन की सुविधा उपलब्ध है तथा पशुओं में आपातकालीन स्थिति तथा विभाग योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। कृषको को अपने पशुओ को घर में बांध कर रखे खुला ना छोड़ने की अपील किया गया। उप आयुक्त उमेश कुमार गुप्ता ने सहकारी समितियों की पंजीयन, कार्यप्रणाली, निर्वाचन एवं समिति के सदस्यों आपसी समन्वय से नियमित रूप से समिति सदस्यों की बैठक आयोजित करने, आय-व्यय की जानकारी सभी सदस्यों को साझा करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी।




### वित्तीय एवं प्रशासनिक सहायता

नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जी एन साहु ने सहकारी बैंक के माध्यम से दुग्ध सहकारी समितियों को बैंक की योजनाओ के तहत गो-पालन हेतु अल्पकालीन ऋण 2 लाख तक का 1% एवं 3 लाख तक का 3% ब्याज दर देने तथा मध्यमकालीन ऋण प्राप्त कर अपने कार्य व्यवसाय मे वृध्दि करने की जानकारी दी। कार्यशाला में जिला अंतर्गत पंजीकृत दुग्ध समितियों के द्वारा प्रतिदिन समिति सिमगा में 300 लीटर, खिलोरा 100 लीटर, कौवाडीह में 300, ओडान 250 लीटर, चन्दन 150 लीटर, रंगोरा 150 लीटर, पासिद 200 लीटर अकलतरा में 150 लीटर दुग्ध का उत्पादन एवं विक्रय करने की जानकारी दी गई।

### कलेक्टर ने सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों को पीएम सूर्यघर योजना की दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 फरवरी 2024 को शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देशभर के एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर प्रत्येक माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इससे बिजली बिल में भारी कमी आएगी और साथ ही हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में इस योजना के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और अब तक दो लाख से अधिक परिवार पंजीकरण करा चुके हैं। तीन किलोवाट का सोलर पैनल प्रति माह लगभग 360 यूनिट बिजली पैदा करने में सक्षम है, जिससे उपभोक्ता अपने बिजली बिल से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन किलोवाट से दस किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गत 8 सितम्बर को रायपुर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम से इसका शुभारंभ कर लाभार्थियों को सब्सिडी राशि का अंतरण किया। इस प्रकार तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर केंद्र की 78 हजार और राज्य की 30 हजार रुपए की दोहरी सब्सिडी उपलब्ध है।

# डॉ. सनम जांगड़े के भटगांव नगर प्रथम आगमन पर स्वागत



हरिभूमि न्यूज ›› भटगांव

भाजपा अ. जा. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के भटगांव नगर प्रथम आगमन पर भाजपा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया. जहाँ डॉ. सनम जाँगड़े के बस स्टैंड भटगांव पहुंचते ही आतिशबाजी कर पुष्प माला व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात छोटू दादा आरमिल के पास कर्मा व आदिवासी नृत्य के साथ व लड्डूओ से तौल कर भव्य तरीके से डॉ. जाँगड़े का भव्य स्वागत किया गया। वहीं आज के स्वागत अभिनदन कार्यक्रम मे पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, छोटू दादा, राजमहल भटगांव, विक्रम कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, मनोहर सरजाल पूर्व अध्यक्ष भाजपा मण्डल भटगांव, सजीव साहू जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट, डॉ. तुलेश्वर वैष्णव जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ट सहित सैकड़ो की संख्या मे भाजपा पदाधिकारीगण और नगरवासी उपस्थित रहे।

### सारंगढ़ में अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष स्वागत



**गोपालपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के सारंगढ़ प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम पंचायत छीन्द में भरत जाटवर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर डॉ. जांगड़े का अभिनंदन किया। उन्होंने सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सारंगढ़ पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, भाजपा नेता भरत जाटवर, हरिनाथ खूटें, नगर मंडल अध्यक्ष जय केसरवानी, भटगांव मंडल अध्यक्ष धीरज, देवेंद्र रात्रे, मीरा धरम जोल्हे, शिवकुमारी सारधन चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु घासीदास पुष्प वाटिका में उनका आत्मीय स्वागत किया।

# महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ›› सिमगा

राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में शुक्रवार को शासन के आदेशानुसार पर्यावरण के संवर्धन एवं संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीरू लाल बरगाह, के साथ सहायक प्राध्यापकगण, क्रीड़ा अधिकारी, समस्त अतिथि व्याख्याता एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। साथ ही मुकुंद रजक महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष, विकास सोनकर नगर पालिका उपाध्यक्ष, चंद्रमणि तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष, मुकेश देवांगन पार्षद, छोटू यादव मंडल महामंत्री, नीरज शर्मा, विकास तंबोली अधिवक्ता, तारकेश देवांगन एवं एवन साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



# विश्रामपुर में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ›› हथबंद

ग्राम पंचायत विश्रामपुर में आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का परिचय दिया। इस शिविर का आयोजन प्रणय जकब, विक्रम सिंह और एली मसीह के नेतृत्व में किया गया।

शिविर में ग्राम पंचायत के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। ग्रामीणों और युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान के महत्व और समाज में इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाई गई। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। ग्राम पंचायत विश्रामपुर में आयोजित रक्तदान शिविर पूरी तरह सफल रहा। इस कार्यक्रम ने न केवल ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया, बल्कि सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। यह शिविर आने वाले समय में समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत साबित होगा

# साहू समाज की समीक्षा बैठक में निर्विरोध चयनित हुए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ›› खरोरा

ग्राम पंचायत मुड़पार के साहू भवन में साहू समाज की समीक्षा बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा-अर्चना, नारियल, श्रीफल, तिलक एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के बाद उपस्थित जनों ने समाज में एकता और भाईचारे का संकल्प दोहराया। बैठक में समाज की गतिविधियों की समीक्षा कर ग्राम स्तरीय पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया, जो समाज की एकजुटता का प्रतीक है। चयनित पदाधिकारियों का स्वागत समाज के वरिष्ठजनों एवं ग्रामीणों ने गुलाब पुष्प अर्पित कर किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान "मां कर्मा माता भामाशाह, मां राजिम" के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।



निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष सुंदरलाल साहू, सचिव दुखहरण साहू, कोषाध्यक्ष दाउलाल साहू गुरुजी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरी साहू, महिला सहसचिव हेमीन साहू, युवा अध्यक्ष अश्वनी साहू, ग्राम सेवक भोजराम साहू एवं संरक्षक दल में लतेलू राम साहू, दशरथ साहू सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल हैं। बैठक में सामाजिक उत्थान के सुझाव रखे गए और नए पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे तथा अंत में सभी ने मिलकर समाज की एकता और प्रगति के लिए संकल्प लिया।

## जनपद निधि से दो लाख की राशि स्वीकृत

# भूमिपूजन के बाद सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ›› भवानीपुर



विकास खण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन जनपद सदस्य अनुसुईया चंद्राकर के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच एवं ग्राम वासियों के मांग को ध्यान में रखते हुए जनपद निधि से सी सी रोड निर्माण कार्य के लिए दो लाख रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है जिस पंचायत द्वारा तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सरपंच प्रेमिन लहरे ने बताया कि यह सी सी रोड निर्माण कार्य से न केवल मोहल्ले वासियों को सुविधा मिलेगी बल्कि समस्त ग्राम वासियों के आवागमन के प्रमुख मार्ग और मोहल्ले वासियों के लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए इस मांग को पूर्ण किया जा रहा है जिससे सभी को इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके इस निर्माण पर सरपंच एवं मोहल्ले वासियों ने जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा नेता उपसरपंच फागू राम सेन, सचिव नरेंद्र कुमार, पंच कोमल साहू, देवेंद्र साहू, गंगा ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे, जनपद प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, मदन साहू, भोजराम साहू, प्रेमलाल यादव, कामेश चंद्राकर, दिलेश ध्रुव, मोती राम ध्रुव, दिलेश निषाद, पंच गण सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




